QB365-Question Bank Software

**SET-1**

**Series HRK**

कोड नं.
Code No. **32/1**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **8 + 2** मानचित्र हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **8** printed pages **+ 2** Maps.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **30** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# संकलित परीक्षा – II

# SUMMATIVE ASSESSMENT – II

# सामाजिक विज्ञान

# SOCIAL SCIENCE

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 90*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 90*



QB365-Question Bank Software

**सामान्य निर्देश :**

(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल **30** प्रश्न हैं । सभी प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।

(ii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

(iii) प्रश्न संख्या **1** से **8** तक अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है । इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **30** शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए ।

(iv) प्रश्न संख्या **9** से **20** तक प्रत्येक प्रश्न **3** अंक का है । इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **80** शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए ।

(v) प्रश्न संख्या **21** से **28** तक प्रत्येक प्रश्न **5** अंक का है । इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **120** शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए ।

(vi) प्रश्न संख्या **29** और **30** इतिहास और भूगोल के मानचित्र संबंधी प्रश्न **3-3** अंक के हैं । इन्हें पूरा करने के बाद, मानचित्रों को उत्तर-पुस्तिका के अंदर नत्थी कर दीजिए ।

**General Instructions :**

(i) The question paper has **30** questions in all. All questions are **compulsory**.

(ii) Marks are indicated against each question.

(iii) Questions from serial number **1** to **8** are Very Short Answer Questions. Each question carries **1** mark. Answers to these questions should not exceed **30** words each.

(iv) Questions from serial number **9** to **20** are **3** marks questions. Answers to these questions should not exceed **80** words each.

(v) Questions from serial number **21** to **28** are **5** marks questions. Answers to these questions should not exceed **120** words each.

(vi) Question numbers **29** and **30** are map questions of **3** marks each from History and Geography both. After completion, attach the maps inside your answer-book.


QB365-Question Bank Software

QB365-Question Bank Software

1. '*हिन्द स्वराज*' पुस्तक के लेखक का नाम लिखिए । *1*

Name the writer of the book '*Hind Swaraj*'.

2. राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या 2 से संबंधित नदी का नाम लिखिए । *1*

Name the river related to National Waterways No. 2.

3. दबाव-समूह और राजनीतिक दल के बीच किसी एक अंतर को स्पष्ट कीजिए । *1*

Explain any one difference between a pressure group and a political party.

4. लोकतंत्र के अर्थ को स्पष्ट कीजिए । *1*

Explain the meaning of democracy.

5. भारत के किसी एक राजनीतिक दल का नाम लिखिए जिसका जन्म आंदोलन से हुआ हो । *1*

Name any one political party of India which grew out of a movement.

6. मुद्रा के प्रयोग ने वस्तु विनिमय को किस प्रकार आसान बना दिया ? एक उदाहरण दीजिए । *1*

How does the use of money make it easier to exchange things ? Give an example.

7. उपभोक्ता के चुनने के अधिकार के उल्लंघन का एक उदाहरण दीजिए । *1*

Give an example of violation of consumer's right to choose.

8. पैकेटों पर अंकित अधिकतम खुदरा मूल्य आपके लिए किस प्रकार लाभकारी है ? *1*

How is the maximum retail price printed on packets beneficial for you ?

9. 1830 के दशक में यूरोप में आई किन्हीं तीन आर्थिक कठिनाइयों का वर्णन कीजिए । *3×1=3*

**अथवा**

शिक्षा के क्षेत्र में फ्रांसीसियों को वियतनाम में आईं किन्हीं तीन समस्याओं का वर्णन कीजिए ।

Describe any three economic hardships faced by Europe in the 1830s.

**OR**

Describe any three problems faced by the French in the sphere of education in Vietnam.


QB365-Question Bank Software

**10.** फरवरी, 1922 में गाँधीजी ने 'असहयोग आंदोलन' को वापस लेने का निर्णय क्यों किया ? कोई तीन कारण स्पष्ट कीजिए । *3×1=3*

Why did Gandhiji decide to withdraw the 'Non-Cooperation Movement' in February, 1922 ? Explain any three reasons.

**11.** 'सविनय अवज्ञा आंदोलन' में व्यवसायी वर्गों की भूमिका का मूल्यांकन कीजिए । *3*

Evaluate the role of business classes in the 'Civil Disobedience Movement'.

**12.** भारत में दुर्ग-बस्तर-चंद्रपुर लौह-अयस्क पेटी की किन्हीं तीन विशेषताओं का वर्णन कीजिए । *3×1=3*

Describe any three characteristics of the Durg-Bastar-Chandrapur Iron-ore belt in India.

**13.** भारत के आर्थिक विकास में विनिर्माण क्षेत्रक की भूमिका का विश्लेषण कीजिए । *3*

Analyse the role of the manufacturing sector in the economic development of India.

**14.** हमारे जीवन को समृद्ध तथा आरामदायक बनाने में परिवहन एवं संचार के साधनों की भूमिका की उदाहरण सहित परख कीजिए । *3*

Examine with example the role of means of transport and communication in making our life prosperous and comfortable.

**15.** लोकतंत्र के विकास में जन संघर्षों की भूमिका का विश्लेषण कीजिए । *3*

Analyse the role of popular struggles in the development of democracy.

**16.** दबाव-समूह और आंदोलन किस प्रकार लोकतंत्र को मज़बूत करते हैं ? स्पष्ट कीजिए । *3×1=3*

How do pressure groups and movements strengthen democracy ? Explain.


QB365-Question Bank Software

**17.** लोकतांत्रिक व्यवस्था से किन मूल्यों के आधार पर यह उम्मीद करना उचित है कि वह सद्भावपूर्ण सामाजिक जीवन उपलब्ध कराएगी ? स्पष्ट कीजिए । *3×1=3*

On the basis of which values will it be a fair expectation that democracy should produce a harmonious social life ? Explain.

**18.** भारत में बैंकों की किन्हीं तीन ऋण संबंधी गतिविधियों को स्पष्ट कीजिए । *3×1=3*

Explain any three loan activities of banks in India.

**19.** बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ किस प्रकार विश्व-भर के उत्पादन को एक-दूसरे के साथ जोड़ती हैं ? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए । *3×1=3*

How do Multi-National Corporations (MNCs) interlink production across countries ? Explain with examples.

**20.** उपभोक्ता सुरक्षा अधिनियम (कोपरा), 1986 के अंतर्गत उपभोक्ता विवादों के निपटारे के लिए त्रि-स्तरीय न्यायिक तंत्र के महत्त्व का विश्लेषण कीजिए । *3*

Analyse the importance of the three-tier judicial machinery under Consumer Protection Act (COPRA), 1986 for redressal of consumer disputes.

**21.** "राष्ट्रवाद की पहली स्पष्ट अभिव्यक्ति 1789 में 'फ्रांसीसी क्रांति' के साथ हुई ।" कथन की परख कीजिए । *5×1=5*

**अथवा**

उन कारणों की परख कीजिए जिन्होंने अमेरिका को वियतनाम के विरुद्ध युद्ध से हटने के लिए मजबूर किया ।

"The first clear expression of nationalism came with the 'French Revolution' in 1789." Examine the statement.

**OR**

Examine the reasons that forced America to withdraw from the Vietnam war.


QB365-Question Bank Software

QB365-Question Bank Software

**22.** औपनिवेशिक सरकार ने 'सविनय अवज्ञा आंदोलन' का दमन किस प्रकार किया ? स्पष्ट कीजिए । *5×1=5*

How did the Colonial Government repress the 'Civil Disobedience Movement' ? Explain.

**23.** खनिज संसाधनों का संरक्षण क्यों आवश्यक है ? खनिज संसाधनों के संरक्षण के कोई चार तरीक़े स्पष्ट कीजिए । *1+4=5*

Why is it necessary to conserve mineral resources ? Explain any four ways to conserve mineral resources.

**24.** भारतीय अर्थव्यवस्था में रसायन उद्योगों की भूमिका का विश्लेषण कीजिए । *5×1=5*

Analyse the role of chemical industries in the Indian economy.

**25.** लोकतंत्र की किन्हीं पाँच विशेषताओं का वर्णन कीजिए । *5×1=5*

Describe any five characteristics of democracy.

**26.** "क़ानून बनाकर राजनीति को सुधारना अति कठिन है ।" कथन का मूल्यांकन कीजिए । *5×1=5*

"It is very difficult to reform politics through legal ways." Evaluate the statement.

**27.** भारतीय अर्थव्यवस्था पर वैश्वीकरण के किन्हीं पाँच सकारात्मक प्रभावों का विश्लेषण कीजिए । *5×1=5*

Analyse any five positive effects of globalisation on the Indian economy.

**28.** उदारीकरण किसे कहते हैं ? भारतीय अर्थव्यवस्था पर उदारीकरण के किन्हीं चार प्रभावों का वर्णन कीजिए । *1+4=5*

What is liberalisation ? Describe any four effects of liberalisation on the Indian economy.


QB365-Question Bank Software

QB365-Question Bank Software

**29.** तीन लक्षण A, B और C, **भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 9 पर), में अंकित किए गए हैं । इन लक्षणों को निम्नलिखित जानकारी की सहायता से पहचानिए और उनके सही नाम, मानचित्र पर खींची गईं रेखाओं पर लिखिए : *3×1=3*

A. वह शहर जो जलियाँवाला बाग की घटना से संबद्ध है ।

B. वह स्थान जहाँ भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का अधिवेशन हुआ था ।

C. वह स्थान जहाँ गाँधीजी ने नमक क़ानून तोड़ा था ।

Three features A, B and C are marked on the given political outline map of **India** (on page 9). Identify these features with the help of the following information and write their correct names on the lines marked on the map :

A. The city associated with the Jallianwala Bagh incident.

B. The place where the Indian National Congress session was held.

C. The place where Gandhiji violated the Salt Law.

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या 29 के स्थान पर हैं :*

***Note :*** *The following questions are for the **Visually Impaired Candidates** only, in lieu of Q. No. 29 :*

(29.1) जलियाँवाला बाग की घटना से संबंधित शहर का नाम लिखिए ।

(29.2) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ नील की खेती करने वालों ने सत्याग्रह किया था ।

(29.3) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ गाँधीजी ने नमक क़ानून तोड़ा था । *3×1=3*

(29.1) Name the city related to Jallianwala Bagh incident.

(29.2) Name the State where the Indigo planters organised Satyagraha.

(29.3) Name the place where Gandhiji violated the Salt Law.


QB365-Question Bank Software

**30.** **भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 11 पर) में निम्नलिखित को उपयुक्त चिह्नों से दर्शाइए और उनके नाम लिखिए : *3×1=3*

A. नरोरा – आण्विक ऊर्जा संयंत्र

B. तूतीकोरिन – प्रमुख समुद्री पत्तन

C. भिलाई – लोहा और इस्पात संयंत्र

On the given political outline map of **India** (on page 11) locate and label the following features with appropriate symbols :

A. Naraura – Nuclear Power Plant

B. Tuticorin – Major Sea Port

C. Bhilai – Iron and Steel Plant

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या 30 के स्थान पर हैं :*

***Note :*** *The following questions are for the **Visually Impaired Candidates** only, in lieu of Q. No. 30 :*

(30.1) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ नरोरा आण्विक ऊर्जा संयंत्र स्थित है ।

(30.2) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ तूतीकोरिन समुद्री पत्तन स्थित है ।

(30.3) भिलाई लोहा और इस्पात संयंत्र किस राज्य में स्थित है ? *3×1=3*

(30.1) Name the State where Naraura Nuclear Power Plant is located.

(30.2) Name the State where Tuticorin Sea Port is located.

(30.3) In which State is the Bhilai Iron and Steel Plant located ?


QB365-Question Bank Software


QB365-Question Bank Software

प्रश्न सं. 29 के लिए

For question no. 29

**भारत का रेखा-मानचित्र (राजनीतिक)**

**Outline Map of India (Political)**





QB365-Question Bank Software


QB365-Question Bank Software

प्रश्न सं. 30 के लिए

For question no. 30

भारत का रेखा-मानचित्र (राजनीतिक)

**Outline Map of India (Political)**






QB365-Question Bank Software

# MARKING SCHEME

## SOCIAL SCIENCE (OUTSIDE DELHI)

**SECONDARY SCHOOL EXAMINATION**

**SA-II EXAMINATION**

**MARCH 2017**

**Series: HRK** **CODE NO. 32/1, 32/2, 32/3** **SET-1**

| Q.NO. | EXPECTED ANSWERS/ VALUE POINTS | Page No | MARKS |
|---|---|---|---|
| 1 | The writer of the book 'Hind Swaraj' is Mahatma Gandhi | H-56 | 1 |
| 2 | The river related to National Waterway No.2 is River Brahmaputra | G-87 | 1 |
| 3 | One difference between a pressure group and a political party is<br>• Political parties contest elections and hold power in the government while pressure groups attempt to influence government policies. | DP -91 | 1 |
| 4 | Democracy is a form of government in which the rulers are elected by the people. | DP-111 | 1 |
| 5 | **Political party in India which grew out of a movement is :**<br>1. Asom Gana Parishad<br>2. DMK (Dravida Munnetra kazhagam)<br>3. AIADMK ( All India Anna Dravida Munnetra Kazhagam)<br>4. AAP (Aam Admi Party)<br>5. Any other relevant party.<br>(Any one party to be named) | DP - 67,82 | 1 |
| 6 | **A person holding money can easily exchange it for any commodity or service that he or she might want.**<br>Example :- The shoe manufacturer will first exchange shoes that he has produced for money and then exchange the money for wheat.<br>Any other relevant example. | E -39 | 1 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 7 | **Example of violation of consumer's right to choose is:**<br>If you want to buy toothpaste and the shop owner says that she/he can sell the toothpaste only if you buy a toothbrush. If you are not interested in buying the brush your right to choice is denied.<br>Any other relevant example can be given.<br>(one example to be explained) | E-81 | 1 |
| 8 | **Maximum retail price (MRP) printed on packets is beneficial for us:**<br>i. The seller cannot sell more than the printed price (MRP).<br>ii. We can bargain with the seller to sell at less cost than MRP.<br>(Any one point to be given) | E-80 | 1 |
| 9 | **Economic hardships faced by Europe in the 1830s :**<br>i. Enormous increase in population was seen all over Europe.<br>ii. In most countries there were more seekers of jobs than employment.<br>iii. Population from rural areas migrated to the cities to live in over crowded slums.<br>iv. Small producers in towns were often faced with stiff competition from imports of cheap machine made goods from England.<br>v. In Europe where the aristocracy still enjoyed power, peasants struggled under the burden of feudal dues and obligations.<br>vi. The rise of food prices as a result of bad harvest led to wide spread pauperism in town and country .<br>vii. Any other relevant point.<br>(Any three points to be described)<br>OR<br>**Problems faced by the French in the sphere of education in Vietnam:**<br>i. The elites in Vietnam were powerfully influenced by Chinese culture.<br>ii. To consolidate their power, the French had to counter the Chinese influence. So they systematically dismantled the traditional system and established French schools for the Vietnamese. | H-15 | 3x1=3 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | iii. Chinese language used by the elites so far , had to be replaced.<br>iv. There were two broad opinions . Some policy makers emphasised the need to use the French language as the medium of instruction whereas others suggested Vietnamese to be taught in lower classes and French in higher classes.<br>v. Any other relevant point.<br>(Any three points to be described) | H-34 | 3x1=3 |
| 10 | **Gandhiji decided to withdraw the 'Non- Cooperation Movement':**<br>i. Gandhiji felt that the movement was turning violent in many places.<br>ii. Satyagrahis needed to be properly trained.<br>iii. Within the Congress some leaders were by now tired of mass struggles and wanted to participate in elections.<br>iv. Chauri Chaura incident led to immediate withdrawal.<br>v. Any other relevant point.<br>(Any three points to be explained) | H-62 | 3x1=3 |
| 11 | **Role of business classes in the 'Civil Disobedience Movement' :**<br>i. The business classes reacted against colonial policies that restricted business activities.<br>ii. They wanted protection against imports of foreign goods and a rupee-sterling foreign exchange ratio that would discourage imports.<br>iii. In order to organise business interest they formed the Indian Industrial and Commercial Congress in 1920 and the Federation of the Indian Chamber of Commerce and Industries (FICCI) in 1927.<br>iv. They gave financial assistance for the movement.<br>v. They refused to buy and sell imported goods.<br>vi. Any other relevant point.<br>(Any three points to be explained) | H-66 | 3x1=3 |


QB365-Question Bank Software

| | | | |
|---|---|---|---|
| 12 | **Characteristics of Durg-Bastar –Chandrapur Iron-ore belt in India :**<br>i. The region lies in Chattisgarh and Maharashtra .<br>ii. Very high grade haematite ores are found in the famous Bailadila ranges of hills in the Bastar district.<br>iii. The range of hills comprises of 14 deposits of super high grade haematite iron ore.<br>iv. It has the best physical properties needed for steel making.<br>v. Iron ore from these mines is exported to Japan and South Korea via Vishakhapatnam port.<br>vi. Any other relevant point.<br>(Any three points to be explained) | G-53 | 3x1=3 |
| 13 | **The Role of manufacturing sector in the economic development of India :**<br>i. Manufacturing industries not only help in modernizing agriculture but also reduces the heavy dependence of people on agriculture income.<br>ii. Eradication of Unemployment and poverty.<br>iii. Export of manufactured goods expands trade and commerce and brings in much needed foreign exchange.<br>iv. Countries that transform their raw material into a wide variety of furnished goods of higher value are prosperous.<br>v. Any other relevant point.<br>(Any three points to be anaylsed) | G-65 | 3x1=3 |
| 14 | **Role of means of transport and communication :**<br>i. Efficient means of transport are pre requisites for fast development.<br>ii. Today the world has been converted into a large village with the help of efficient and fast moving transport.<br>iii. Today, India is well linked with the rest of the world despite its large size.<br>iv. Railways, Airways, Waterways, Newspapers , Radio , Television , Cinema and Internet etc have been contributing to the socio-economic progress in many ways. | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | v. The trades from local to international levels have added to the vitality of its economy.<br>vi. It has enriched our lives and added substantially to growth and comfort.<br>vii. Any other relevant point.<br>(Any three points to be explained) | G-81 | 3x1=3 |
| 15 | **Role of popular struggles in the development of democracy :**<br>i. Democracy evolves through popular struggles.<br>ii. Democratic conflict is resolved through mass mobilization.<br>iii. These conflicts and mobilizations are based on new political organizations.<br>iv. Any other relevant point.<br>(Any three points to be explained) | DP-60/61 | 3x1=3 |
| 16 | **Pressure groups and movements strengthens democracy :**<br>i. They try to gain public support and sympathy for their goals and their activities by carry out information campaigns, organising meetings , filing petitions etc.<br>ii. They often organize protest activities like strike etc.<br>iii. Sometimes the pressure groups are either formed or led by the leaders of political parties or act as extended arms of political parties.<br>iv. Sometimes political parties grow out of movements.<br>v. Any other relevant point.<br>(Any three points to be explained) | DP-66 , 67 | 3x1=3 |
| 17 | **The values that are associated with democracy producing a harmonious social life are :**<br>i. Equality among all human beings.<br>ii. Respect for individual freedom.<br>iii. Democracies accommodate various social divisions.<br>iv. Democracies reduce the possibility of tensions becoming explosive or violent. | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | v. Ability to handle social differences , divisions and conflicts.<br>vi. Any other relevant point.<br>(Any three values to be explained.) | DP-96 | 3x1=3 |
| 18 | **Loan activities of Banks in India:**<br>i. Banks use the major portion of the deposits to extend loans.<br>ii. Banks make use of the deposits to meet the loan requirements of the people.<br>iii. Banks mediate between those who have surplus funds (the depositors) and those who are in need of these funds (the borrowers).<br>iv. Banks charge a higher interest rate on loans than what it offers on deposits.<br>v. Any other relevant point.<br>(Any three points to be explained) | E-42 | 3x1=3 |
| 19 | **Multi –National Corporations(MNCs) interlink production across countries:**<br>i. There are varieties of ways in which the MNCs are spreading their production and interacting with local producers in various countries across the globe.<br>ii. By setting up partnership with local companies by using the local companies for supplies, by closely competing with the local companies or buying them.<br>iii. MNCs are exerting a strong influence on production at the distant locations.<br>iv. As a result, production in these widely dispersed locations is getting interlinked.<br>v. Example – Cargill Foods , Parakh Food<br>vi. Any other relevant point.<br>(Any three points to be explained) | E-58 | 3x1=3 |
| 20 | **Importance of the three –tier Quasi judicial machinery under Consumer Protection Act (COPRA)**<br>i. Under COPRA three tier Quasi –Judicial machinery at district, state and National level set up. | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | ii. The district level court deals with the cases involving claims upto 20 lakhs.<br>iii. The state level courts deals with between 20 lakhs to one crore.<br>iv. The national level court deals with cases involving claims exceeding one crore.<br>(To be assessed as whole) | E-84 | 3x1=3 |
| 21 | **"The first clear expression of Nationalism came with the 'French Revolution' in 1789" :**<br>i. The political and constitutional changes that came in the wake of the French revolution led to the transfer of sovereignty from the monarchy to a body of French citizens.<br>ii. Sense of collective belonging with La Patrie (the fatherland) and Le Citoyen (the citizen).<br>iii. Formation of National Assembly.<br>iv. Hymns were composed and oaths were taken.<br>v. Centralised and uniform laws were introduced.<br>vi. Internal customs duties and dues were abolished and a uniform system of weights and measure were adopted.<br>vii. French became the common language of the nation.<br>viii. With the outbreak of the revolutionary wars, the French armies began to carry the idea of nationalism abroad.<br>ix. Any other relevant point.<br>(Any three points to be examined)<br>**OR**<br>**Reasons that forced America to withdraw from the Vietnam War:**<br>i. The prolongation of the war created strong reaction even with the U.S.<br>ii. It was clear that the US had failed to achieve its objectives.<br>iii. The Vietnamese resistance had not been crushed; The support of the Vietnamese people for US action had not been won.<br>iv. Thousands of young US soldiers had lost their lives.<br>v. The widespread questioning of the government policy strengthened moves to negotiate an end to the war. | H-5 | 5x1=5 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | vi. US media and films played a major role in both supporting as well as criticizing the war.<br>vii. Any other relevant point.<br>(Any five points to be examined) | H-51 | 5x1=5 |
| 22 | **Colonial Government repressed the 'Civil Disobedience Movement' :**<br>i. The colonial government took brutal steps to repress the Civil Disobedience Movement.<br>ii. The government began arresting the congress leaders one by one. This led to violent clashes in many places.<br>iii. Abdul Ghaffar Khan, a devout disciple of Mahatma Gandhi was arrested (April 1930).<br>iv. Angry crowds demonstrated in the streets of Peshawar facing armored cars and police firing, many were killed.<br>v. Gandhiji was himself arrested.<br>vi. A frightened government responded with a policy of brutal repression.<br>vii. Peaceful Satyagrahis were attacked women and children were beaten.<br>viii. About 100,000 people were arrested.<br>ix. Any other relevant point.<br>(Any five points to be explained) | H-64 | 5x1=5 |
| 23 | **Need to conserve mineral resources:**<br>i. The geological processes of mineral formation are so slow that the rates of replenishment are infinitely small in comparison to the present rate of consumption.<br>ii. Mineral resources are finite and non-renewable.<br>iii. Most of the minerals are unevenly distributed on the earth surface.<br>Any one point.<br>**Four ways to conserve mineral resources:**<br>i. Use of mineral resources in a planned and sustainable manner.<br>ii. Improved technology needs to be constantly evolved to allow use of low grade ores at low costs.<br>iii. Recycling of minerals.<br>iv. Use of scrap metals. | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | v. Use of alternate substitutes.<br>vi. Any other relevant point.<br>(Any four points to be explained) | G-57,58 | 1+4=5 |
| 24 | **Role of chemical industries in the Indian Economy :**<br>i. It contributes approximately 3 % of the GDP.<br>ii. It is the 3rd largest in Asia and occupies the 12th place in the world.<br>iii. It compromises both large and small scale manufacturing units.<br>iv. Rapid growth has been recorded in both inorganic and organic sector.<br>v. Organic chemicals include petrochemicals which are used for manufacturing of synthetic fibers, rubber, plastics, and dye stuffs.<br>vi. Inorganic chemicals include sulphuric acid, fertilizers, synthetic fibers, plastics, adhesives, paints etc.<br>vii. The chemical industry is its own largest consumer.<br>viii. Any other relevant point.<br>(Any five points to be explained) | G-75 | 5x1=5 |
| 25 | **Characteristics of Democracy :**<br>i. Promotes equality among citizens.<br>ii. Enhances the dignity of the individual.<br>iii. Improve the quality of decision making.<br>iv. Provides a method to resolve conflicts.<br>v. Allows room to correct mistakes.<br>vi. Any other relevant point.<br>(Any five points to be explained) | DP-90 | 5x1=5 |
| 26 | **'It is very difficult to reform politics through legal ways' :**<br>i. Carefully devised changes in law can help to discourage wrong political practices and encourage good ones.<br>ii. Legal constitutional changes by themselves cannot overcome challenges to | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | democracy. (Example of LBW in cricket may be given).<br>iii. Any legal change must carefully look at what results it will have on politics. Sometimes the result may be counterproductive.<br>iv. Democratic reforms are to carried out mainly by political activists, parties , movements and politically conscious citizens.<br>v. Laws that give political actors incentives to do good things have more chances of working.<br>vi. The best laws are those which empower people to carry out democratic reforms.<br>vii. Democratic reforms are to be brought through political practices. Therefore the main focus should be on the ways to strengthen democratic practices.<br>viii. Any other relevant point.<br>(Any five points to be evaluated) | DP -108 | 5x1=5 |
| 27 | **Positive effects of Globalisation :**<br>i. Globalisation has brought greater competition among producers – both local and foreign producers has been of advantage to consumers particularly the well-off sections in the urban areas.<br>ii. There is greater choice before consumers. They enjoy improve quality at lower prices.<br>iii. People today, enjoy much higher standards of living.<br>iv. Local companies supplying raw material have prospered.<br>v. The top Indian companies have been able to benefit from increased competition.<br>vi. Some Indian companies have gained from successful collaboration with foreign companies.<br>vii. MNCs have increased their investments in India over the past 20 years, especially in cell phones, automobiles, electronics, soft drinks etc.<br>viii. Many Indian companies have emerged as Multi Nationals themselves. Example- Tata Motors, Infosys, Ranbaxy, Asian Paints etc.<br>ix. Globalisation has created opportunities for new jobs.<br>x. Any other relevant point.<br>(Any five points to be analyzed) | E-66,67 | 5x1=5 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 28 | **Liberalisation means:**<br>Removing barriers or restrictions set by the government is known as liberlisation:<br>**Impacts of Liberalisation :**<br>i. Competition would improve the performance of producers within the country.<br>ii. Barriers on foreign trade and foreign investment were removed to a large extent. This meant that goods could be imported and exported easily.<br>iii. Foreign companies could set up factories and offices to boost up production.<br>iv. It allows to make decisions freely.<br>v. The competition would improve the performance of producers within the country since they have to improve their quality.<br>vi. Any other relevant point.<br>(Any four effects to be described) | E-64 | 1+4=5 |
| 29 | **See the attached filled Map.**<br>**For the Visually Impaired Candidates only:**<br>29.1 - Amritsar<br>29.2 - Bihar<br>29.3 – Dandi | | 3x1=3 |
| 30 | **See the attached filled Map.**<br>**For the Visually Impaired Candidates only:**<br>30.1 - Uttar Pradesh<br>30.2 - Tamil Nadu<br>30.3 - Chhattisgarh | | 3x1=3 |


प्रश्न सं. 29 के लिए


For question no. 29

भारत का रेखा-मानचित्र (राजनीतिक)

Outline Map of India (Political)

SA 2 - 2017




भारत का रेखा-मानचित्र (राजनीतिक)
Outline Map of India (Political)
SA - 2 - 2017
Q No. 30 (3×1 = 3)
32|1, 32|2, 32|3
(A) NARAURA
(C) BHILAI
TUTICORIN (B)
INDEX.
(A) ▲ Nuclear Power Plant.
(B) ● MAJOR SEA PORT
(C) ■ IRON & STEEL PLANT
km 100 0 100 300 500 km

# अंक योजना
## सामाजिक विज्ञान (अखिल भारतीय)
## सेकेन्डरी स्कूल परीक्षा मार्च 2017
## संकलित परीक्षा–II
## कोड़ 32/1

| प्रश्न संख्या | संभावित उत्तर /मूल्य बिन्दु | अंक |
|---|---|---|
| 1 | हिद स्वराज' पुस्तक के लेखक महात्मा गाँधी है। इति0 56 | 1 |
| 2 | राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या 2 का संबंध ब्रह्मपुत्र नदी से है। भू. 93 | 1 |
| 3 | **दबाव–समूह और राजनीति दल में एक अंतर :–**<br>राजनीतिक दल चुनाव लड़ते हैं और सरकार मे सत्ता प्राप्त करते हैं। जबकि दबाव समूहों का उद्देश्य सरकार की नीतियों को प्रभावित करना है।<br>लोक0 63 | 1 |
| 4 | 'लोकतंत्र शासन का वह स्वरूप है जिसमें लोग अपने शासकों का चुनाव स्वयं करते हैं।'<br>लोक0 111 | 1 |
| 5 | **भारत के राजनीतिक दल जिनका जन्म आंदोलन से हुआ :–**<br>(I) असम गण परिषद<br>(II) डी.एम.के. (द्रविड मुनेत्र कड़गम)<br>(III) ए.आई.ए.डी.एम.के. (ऑल इंडिया अन्ना डी.एम.के.)<br>(IV) आप (आम आदमी पार्टी)<br>(किसी एक दल का नाम उल्लेख)<br>लोक0 67,82 | 1 |
| 6 | जिस व्यक्ति के पास मुद्रा है, वह इसका विनिमय किसी भी वस्तु या सेवा खरीदने के लिए आसानी से कर सकता है।<br>उदाहरण – जूता बनाने वाला पहले जूतों के बदले मुद्रा प्राप्त करेगा और फिर उस मुद्रा का इस्तेमाल गेहूँ खरीदने के लिए करेगा।<br>कोई अन्य संबंद्ध उदाहरण<br>अर्थ0 39 | 1 |
| 7 | **उपभोक्ता के चुनने के अधिकारी के उल्लंघन का उदाहरण –**<br>यदि आप एक दंत मंजन खरीदना चाहते हैं और दुकानदार कहता है कि वह केवल दंतमंजन तभी बेचेगा जब आप दंतमंजन के साथ एक ब्रश भी खरीदेंगे। अगर आप ब्रश खरीदने के इच्छुक नहीं हैं, तब आपके चुनने के अधिकार उल्लंघन हुआ।<br>कोई अन्य संबद्ध उदाहरण<br>(एक उदाहरण की व्याख्या अपेक्षित।)<br>अर्थ0 80 | 1 |
| 8 | **पैकिटों पर अंकित अधिकतम खुदरा मूल्य हमारे लिए लाभकारी है :–**<br>(i) विक्रेता मुद्रित मूल्य से अधिक दाम पर वस्तु को नहीं बेच सकता है। | |

| | | |
|---|---|---|
| | (ii) हम अधिकतम खुदरा मूल्य से कम दाम पर वस्तु देने के लिए मोल भाव कर सकते हैं।<br>(किसी एक बिंदु का उल्लेख उपेक्षित।)<br>अर्थ0 80 | 1 |
| 9 | **1830 के दशक में यूरोप में आई आर्थिक कठिनाइयां :–**<br>(i) यूरोप में जनसंख्या में जबरदस्त वृद्धि हुई।<br>(ii) अधिकांश देशो मे नौकरी ढूँढने वालों की तादाद उपलब्ध रोजगार से अधिक थी।<br>(iii) ग्रामीण क्षेत्रों की अतिरिक्त आबादी शहर जाकर भीड से भरी गरीब बस्तियों में रहने लगी।<br>(iv) नगरों के लघु उत्पादाकों का अकसर इंग्लैंड से आयातित मशीन से बने सस्ते कपड़े से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा था।<br>(v) यूरोप के उन इलाकों में जहाँ कुलीन वर्ग अभी भी सत्ता में था, कृषक, सामंती शुल्कों और जिम्मेदारियों के बोझ तले दबे थे।<br>(vi) खाने पीने की चीजों के मूल्य बढ़ने या किसी वर्ष फसल के खराब होने पर शहर और गांवों में व्यापक गरीबी फैल जाती थी।<br>(vii) कोई अन्य संबंद्ध बिंदु<br>(किन्हीं तीन बिंदुओं का वर्णन अपेक्षित)<br>इति. 15<br>**अथवा**<br>**शिक्षा के क्षेत्र में फ्रांसीसियों को वियतनाम में आई समस्याएं :**<br>(i) वियतनाम के धनी और अमिजात्य तबके के लोग चीनी संस्कृति से गहरे तौर पर प्रभावित थे।<br>(ii) फ्रांसीसियों की सत्ता को सुदृढ़ आधार प्रदान करने के लिए इस प्रभाव कासमाप्त होना जरूरी था। फलस्वरूप पहले उन्होंने परंपरागत शिक्षा व्यवस्था को सुनियोजित ढंग से तहस–नहस किया और फिर वियतनामियों के लिए फ्रांसीसी किस्म के स्कूल खोल दिए।<br>(iii) समाज के खाते–पीते तबके के लोग चीनी भाषा का इस्तेमाल करते थे जिसे हटाना जरूरी था।<br>इस सवाल पर लोगों के बीच दो मत थे। कुछ नीति–निर्माता मानते थे कि फ्रांसीसी भाषा को ही शिक्षा का माध्यम बनाया जाए। जबकि दूसरे का विचार था कि अगर छोटी कक्षाओं में वियतनामी और बड़ी कक्षाओं में फ्रांसीसी भाषा में शिक्षा दी जाएं तो ज्यादा बेहतर होगा।<br>(iv) कोई अन्य संबंद्ध बिन्दु<br>(किन्ही 3 बिन्दुओं का वर्णन अपेक्षित)<br>इति. पृ.स. 34 | 3x1=3<br><br>3x1=3 |
| 10 | **गाँधीजी ने असहयोग आंदोलन को वापस लेने का निर्णय किया :–**<br>(i) गाँधीजी को लगता था कि विभिन्न स्थानों पर आंदोलन हिंसक होता जा रहा है। | |

| | | |
|---|---|---|
| | (ii) सत्याग्रहियों को व्यापक प्रशिक्षण की जरूरत है।<br>(iii) कांग्रेस के कुछ नेता इस तरह के जनसंघर्षो से थक चुके थे। वे चुनाव मे हिस्सा लेना चाहते थे।<br>(iv) चौरी चौरा घटना आंदोलन को वापस लेने का तात्कालिक करण बनी।<br>(v) कोई अन्य संबंद्ध बिन्दु ।<br>(किन्ही 3 बिन्दुओं का वर्णन अपेक्षित)<br>इति0 62 | 3x1=3 |
| 11 | **सविनय अवज्ञा आंदोलन में व्यवसायी वर्गो की भूमिका :**<br>(i) व्यवसायी वर्गों ने ऐसी औपनिवेंशिक नीतियों का विरोध किया जिनके कारण उनकी व्यावसायिक गतिविधियों में रूकावट आती थी।<br>(ii) वे विदेशी वस्तुओं के आयात से सुरक्षा चाहते थे और रूपया–स्टर्लिंग विदेशी विनिमय अनुपात में बदलाव चाहते थे।<br>(iii) व्यवसायिक हितों को संगठित करने के लिए उन्होंने 1920 में भारतीय औद्योगिक एवं व्यवसायिक कांग्रेस और 1927 में भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग परिसंघ (फिक्की) का गठन किया।<br>(iv) उन्होंने आंदोलन के लिए आर्थिक सहायता दी।<br>(v) उन्होंने आयातित सामानों को खरीदने और बेचने से इंकार कर दिया।<br>(vi) कोई अन्य संबंद्ध बिंदु।<br>(किंहीं तीन बिंदुओं की व्याख्या अपेक्षित।)<br>इति0 66 | 3x1=3 |
| 12 | **भारत में दुर्ग–बस्तर–चंद्रपुर लोह–अयस्क पेटी की विशेषताएं :**<br>यह क्षेत्र महाराष्ट्र एवं छतीसगढ़ राज्यों के अंतर्गत है।<br>(ii) छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में बेलाडिला पहाड़ी श्रृंखलाओं में अति उत्तम कोटि का हेमेटाइट पाया जाता है।<br>(iii)पर्वत की श्रृंखला में सर्वश्रेष्ठ कोटि के हेमेटाइल लोह अयस्क के 14जमाव हैं।<br>(iv)इसमें इस्पात बनाने में आवश्यक सर्वश्रेष्ठ भौतिक गुण विद्यमान हैं।<br>(v)इन खदानों का लौह अयस्क विशाखापट्टनम पत्तन से जापान तथा दक्षिण कोरिया को निर्यात किया जाता है।<br>(vi) कोई अन्य संबंद्ध बिंदु।<br>.(किन्ही तीन बिंदुओं की व्याख्या अपेक्षित)<br>भू. 56 | 3x1=3 |
| 13 | **भारत के आर्थिक विकास में विनिर्माण क्षेत्रक की भूमिका –**<br>(i) विनिर्माण उद्योग न केवल कृषि के आधुनिकीकरण में सहायाक है वरन्कृषिआमदनी पर लोगों की निर्भरता को बहुत अधिक मात्रा में कम करता है।<br>(ii)गरीबी और बेरोजगारी कम करता है।<br>(iii)निर्मित वस्तुओं का निर्यात वाणिज्य व्यापार को बढ़ाता है जिससे अपेक्षित विदेशी मुद्रा की प्राप्ती होती है।<br>(iv) वे देश ही विकसित हैं जो कच्चे माल को विभिन्न तथा अधिक मूल्यवान तैयार माल में विनिर्मित करते हैं। | |

| | | |
|---|---|---|
| | (v) कोई अन्य संबद्ध बिंदु।<br>(किन्हीं तीन बिंदुओं का विश्लेषण अपेक्षित।)<br>भू. 67 | 3x1=3 |
| 14 | **परिवहन और संचार के साधनों की भूमिका**<br>(i) सक्षम परिवहन के साधन तीव्र विकास हेतु पूर्व अपेक्षित हैं।<br>(ii) सक्षम व तीव्र गति वाले परिवहन से आज संसार एक बड़े गांव में परिवर्तित हो गया है।<br>(iii) आज भारत अपने विशाल आकार के बावजूद संसार के सभी क्षेत्रों से सुचारू रूप से जुड़ा हुआ है।<br>(iv)रेल, वायु एवं जल परिवहन समाचार पत्र रेडियो दूरदर्शन सिनेमा तथा इंटरनेट आदि इसके सामाजिक – आर्थिक विकास में अनेक प्रकार से सहायक हैं।<br>(v)स्थानिक से अंतर्राष्ट्रीय स्तरीय व्यापार ने अर्थव्यवस्था को जीवनशक्ति दी है।<br>(vi)इसने हमारे जीवन को समृद्ध किया तथा आरामदायक जीवन के लिए सुविधाओं व साधनों में बढ़ोतरी की है।<br>(vii) कोई अन्य संबंद्ध बिंदु ।<br>(किन्हीं तीन बिंदुओं का विश्लेषण अपेक्षित।)<br>भू. 87 | 3x1=3 |
| 15 | **लोकतंत्र के विकास में जनसंघर्षों की भूमिका :**<br>(i) लोकतंत्र का विकास जन–संघर्ष के द्वारा होता है।<br>(ii) लोकतांत्रिक संघर्ष का समाधान जनता की व्यापक लाभबंदी के द्वारा होता है।<br>(iii) ऐसे संघर्ष और लामबंदियों का आधार राजनीतिक संगठन होते हैं।<br>(iv) कोई अन्य संबंद्ध बिंदु ।<br>(किन्हीं तीन बिंदुओं का विश्लेषण अपेक्षित ।<br>लोक0 60,61 | 3x1=3 |
| 16 | **दबाव–समूह और आंदोलन लोकतंत्र को मजबूत करते हैं :–**<br>दबाव–समूह और आंदोलन अपने लक्ष्य तथा गतिविधियों के लिए जनता का समर्थन और सहानुभूति हासिल करने की कोशिश करते हैं। इसके लिए सूचना अभियान चलाना, बैठक आयोजित करना अथवा अर्जी दायर करने जैसे तरीकों का सहारा लिया जाता है।<br>(ii) ऐसे समूह अवसर हड़ताल अथवा सरकारी कामकाज में बाधा पहुंचाने जैसे उपायों का सहारा लेते हैं।<br>कुछ मामलों में दबाव–समूह दलों द्वारा ही बनाए गए होते हैं अथवा उनका नेतृत्व राजनीतिक दल के नेता करते हैं। कुद दबाव–समूह राजनीतिक दल की एक शाखा के रूप में काम करते हैं।<br>(iv) कभी–कभी आंदोलन राजनीतिक दल का रूप अख्तियार कर लेते हैं।<br>(v) कोई अन्य संबंद्ध बिंदु। | |

| | | |
|---|---|---|
| | (किन्हीं तीन बिंदुओं का विश्लेषण अपेक्षित।)<br>लोक0 66,67 | 3x1=3 |
| 17 | **लोकतांत्रिक से संबंद्ध मूल्य जो सद्भावपूर्ण सामाजिक जीवन उपलब्ध करते है :–**<br>(i) समस्त लोगों में समानता।<br>(ii) व्यक्तिगत स्वतंत्रता का सम्मान।<br>(iii) लोकतंत्र अनेक सामाजिक विविधताओं में सामंजस्य स्थापित करता है।<br>लोकतंत्र टकरावों के विस्फोटक या हिंसक रूप लेने के अंदेशे को कम करनता है।<br>(v) सामाजिक अंतर विभाजन और टकरावों को संभालने का गुण।<br>(vi) कोई अन्य संबंद्ध बिंदु।<br>(किन्हीं तीन बिंदुओं का विश्लेषण अपेक्षित।)<br>लोक. 96 | 3x1=3 |
| 18 | **भारत में बैंकों की ऋण संबंधी गतिविधियां :**<br>(i) बैंक जमा राशि के एक बड़े भाग को ऋण देने के लिए इस्तेमाल करते हैं।<br>(ii) बैंक जमा राशि का लोगों की ऋण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए इस्तेमाल करते हैं।<br>(iii) बैंक जिनके पास अतिरिक्त राशि है (जमाकर्ता) एवं जिन्हें राशि की जरूरत है (कर्जदार) के बीच मध्यस्थता का काम करते हैं।<br>(iv) बैक जमा पर जो ब्याज देते है उससे ज्यादा ऋण पर लेते हैं।<br>(v) कोई अन्य संबंद्ध बिंदु।<br>(किन्हीं तीन बिंदुओं का विश्लेषण अपेक्षित।)<br>अर्थ0 42 | 3x1=3 |
| 19 | **बहुराष्ट्रीय कंपनियां विश्वभर के उत्पादों को एक दूसरे के साथ जोड़ती हैं –**<br>(i) बहुराष्ट्रीय कंपनियँ कई तरह से अपने उत्पादक कार्य का प्रसार कर रही हैं।<br>(ii) विश्व के कईं देशों की स्थानीय कंपनियों के साथ पारस्परिक संबंध स्थापित कर रही हैं। स्थानीय कंपनियां के साथ साझेदारी द्वारा आपूर्ति के लिए स्थानीय कंपनियों से निकट प्रतिस्पर्धा करके अथवा उन्हें खरीदकर।<br>(iii) बहुराष्ट्रीय कंपनियां दूरस्थ स्थानों के उत्पादन पर अपना प्रभाव जमा रही हैं।<br>(iv) परिणामतः दूर–दूर स्थानों पर फैला उत्पादन परस्पर संबंधित हो रहा है।<br>(v) उदाहरण कारगिल फूड्स, प्रकाश फूड्स<br>कोई अन्य संबंद्ध बिंदु<br>(किन्हीं तीन बिंदुओं का विश्लेषण अपेक्षित।<br>अर्थ 58 | 3x1=3 |
| 20 | **उपभोक्ता सुरक्षा अधिनियम (कोपरा) के अंतर्गत त्रि–स्तरीय न्यायिक तंत्र :–**<br>(i) कोपरा के अंतर्गत देश, राज्य और जिला स्तर पर त्रि–स्तरीय न्यायिकतंत्र स्थापित किया गया है।<br>(ii) जिला स्तर का न्यायालय 20 लाख तक के दावों से संबंधित मुकदमां पर विचार करता है। | |

| | | |
|---|---|---|
| | (iii)राज्य स्तरीय अदालतें 20 लाख से 1 करोड़ तक। <br> (iv) राष्ट्रीय स्तर की अदालतें एक करोड़ से ऊपर की दावेदारी से संबंधित मुकदमें देखती है। <br> अर्थ 84 | 3x1=3 |
| 21 | **राष्ट्रवाद की पहली स्पष्ट अभिव्यक्ति 1789 में फ्रांसीसी क्रांति के साथ हुईः** <br> (i) फ्रांसीसी क्रांति से जो राजनीति और संवैधानिक बदलाव हुए उनसे प्रभुसत्ता राजतंत्र से निकलकर फ्रांसीसी नागरिकों के समूहों में हस्तांतरित हो गई। <br> (ii) फ्रांसीसी लोगों में पितृभूमि और नागरिक के साथ सामूहिक पहचान की भावना का पैदा होना। <br> (iii) नेशनल एसेंवली का निर्माण । <br> (iv) नई स्तुतियाँ रची गई, शपथ ली गई। <br> (v) समान कंेन्द्रीय कानून शुरू किए गए। <br> (vi) आंतरिक आयात–निर्यात शुल्क समाप्त कर दिए गए और भार तथा नापने की एक समान व्यवस्था लागू की गई। <br> (vii) फ्रैंच राष्ट्र की साझा भाषा बन गई। <br> (viii) क्रांतिकारी युद्दों के शुरू होने के साथ ही फ्रांसीसी सेनाएं राष्ट्रवाद के विचार को विदेशों में ले जाने लगी। <br> (ix) कोई अन्य संबंद्ध बिंदु <br> (किन्हीं पांच बिंदुओं की परख अपेक्षित।) <br> इति0 5 <br> अथवा <br> अमेरिका को वियतनाम के विरूद्ध युद्ध से हटने के लिए मजबूर करने वाले कारण : <br> (i) युद्ध के लंबा खिंचते जाने से अमेरिका में भी लोग सरकार के खिलाफ बोलने लगे थे। <br> (ii) यह साफ दिखाइ दे रहा था कि अमेरिका अपने लक्ष्यश को हासिल करने में विफल रहा है। <br> (iii) अमेरिका ने तो वियतनामियों के प्रतिरोध को कुचल पाया था और न ही अमेरिकी कार्यवाही के लिए वियतनामी जनता का समर्थन प्राप्त कर पाया। <br> (iv) इस दौरान हजारों नौजवान अमेरिकी सिपाही अपनी जान गवां चुके थे। <br> सरकारी नीति के खिलाफ व्यापक प्रतिक्रियाओं ने युद्ध खत्म करने के प्रयासों को और बल प्रदान किया। <br> (vi) अमेरिकी मीडिया और फिल्मों ने युद्ध के पक्ष और विरोध दोने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। <br> (vii) कोई अन्य संबंद्ध बिंदू <br> (किन्हीं पांच बिंदुओं की परख कीजिए) | 5x1=5 |
| 22 | औपनिवेशिक सरकार ने ‘सविनय अवज्ञा आंदोलन’ का दमन किया : <br> (i)औपनिवेशिका सरकार ने ‘सविनय अवज्ञा आंदोलन का दमन करने के लिए | |

| | | |
|---|---|---|
| | निर्मम दमन का रास्ता अपनाया।<br>(ii) सरकार कांग्रेसी नेताओं को गिरफ्तार करने लगी। बहुत सारे स्थानों पर हिंसक टकराव हुए।<br>(iii) अप्रैल 1930 में महात्मा गाँधी के समर्पित साथी अब्दुल गफ्फार खान को गिरफ्तार किया गया।<br>(iv) गुस्साई भीड़ सशस्त्र बख्तरबंद गाड़ियों और पुलिस की गोलियों का सामना करते हुए सड़कों पर उत्तर आई।<br>(v) महात्मा गाँधी को भी गिरफ्तार कर लिया गया।<br>(vi) भयवीत सरकार ने निर्मम दमन का रास्ता अपनाया और बच्चों को पीटा गया।<br>(vii) लगभग एक लाख लोग गिरफ्तार किए गए।<br>(viii) कोई अन्य संबंद्ध बिंदु।<br>(किन्हीं पांच बिंदुओं का परख अपेक्षित)<br>इति 64 | 5x1=5 |
| 23 | **खनिजों का सरंक्षण आवश्यक हैं –**<br>(i) खनिज निर्माण की भूगर्मिक प्रक्रियाएँ इतनी धीमी है कि उनके वर्तमान में उपभोग की दर की तुलना में उनके पुनर्मरण की दर अपरिमित रूप से थोड़ी है।<br>(ii) खनिज संसाधन सीमित तथा अनवीकरण योग्य है।<br>(iii) धरातल पर अधिकांश खनिज ससमान रूप से वितरित हैं।<br>(कोई एक बिंदु)<br><br>**खनिज संसधनों के संरक्षण के चार उपाय :**<br>(i) खनिज संसाधनों का सुनियोजित एवं सतत् पोषणीय ढंग से उपयोग करना।<br>(ii) निम्न कोटि के अयस्कों का कम लागतों पर प्रयाग करने लिए उन्नत प्रौद्योगिकयों का सतत् विकास करते रहना होगा<br>(iii) धातुओं का पुनः चक्रण।<br>(iv) रद्दी धातुओं का उपयोग।<br>(v) अन्य प्रतिस्थापनों का उपयोग।<br>(vi) कोई अन्य संबंद्ध बिंदु।<br>(किन्हीं चार बिंदुओं का व्याख्या अपेक्षित।)<br>भू. 61 | 1+**4**=5 |
| 24 | **भारतीय अर्थव्यवस्था में रसायन उद्योगों की भूमिका :**<br>(i) इसकी भागेदारी सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 3 प्रतिशत है।<br>(ii) यह उद्योग एशिया का तीसरा तथा विश्व में आकार की दृष्टि से 12वें स्थान पर है।<br>(iii) इसमें लघु तथा वृहत दोनों प्रकार की विनिर्माण इकाइयाँ सम्मिलित हैं।<br>(iv) अकार्बनिक और कार्बनिक दोनों क्षेत्रों में तीव्र वृद्धि दर्ज की गई है।<br>(v) कार्बनिक रसायनों में पेट्रोरसायन शामिल है जो क्रित्रिम वस्त्र कृत्रिम रबर | |

| | | |
|---|---|---|
| | प्लास्टिक, रंजक पदार्थ, दवाइयाँ, औषध रसायनों के बनाने में प्रयोग किए जाते हैं।<br>(vi) अकार्बनिक रसायनों में सलफ्यूरिक अम्ल, उर्वरक, कृत्रिम वस्त्र, प्लास्टिक गोंद, रंग रोगन आदि सम्मिलित हैं।<br>(vii) रसायन उद्योग अपने आप में एक बड़ा उपभोक्ता भी है।<br>(viii) कोई अन्य संबंद्ध बिंदु।<br>(किन्हीं पांच बिंदुओं का विश्लेषण अपेक्षित।)<br>भू. 79 | 5x1=5 |
| 25 | **लोकतंत्र की विशेषताएँ :**<br>(i) नागरिकों में समानता को बढ़ावा देना है।<br>(ii) व्यक्ति की गरिमा को बढ़ाता है।<br>(iii) इससे फैसलों में बेहतरी आती है।<br>(iv) टकरावों को टालने संभालने का तरीका देता है।<br>(v) गलतियों को सुधारने की गुंजाइश होती है।<br>(vi) कोई अन्य संबंद्ध बिंदु।<br>(किन्हीं पांच बिंदुओं का विश्लेषण अपेक्षित।)<br>लोक0 90 | 5x1=5 |
| 26 | **कानून बनाकर राजनीति को सुधारना अति कठिन है–**<br>(i) सावधानी से बनाए गए कानून गलत राजनीतिक आचरणों को हतोत्साहित और अच्छे कामकाज को प्रोत्साहित करेंगे।<br>(ii) विधिक संवैधानिक बदलावों को ला देने मात्र से लोकतंत्र की चुनौतियों को हल नहीं किया जा सकता (उदाहरण क्रिकेट में एल.बी.डब्ल्यू के नियम का होना)<br>(iii) कानूनी बदलाव करते समय इस बात पर गंभीरता से विचार करना होगा कि राजनीति पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा। कई बार परिणाम एकदम विपरीत निकलते हैं।<br>(iv) लोकतांत्रिक सुधार मुख्य रूप से राजनीतिक कार्यकर्ताओं दलों, आंदोलनों और राजनीतिक रूप से सजग नागरिकों द्वारा ही किए जाते हैं।<br>(v) अच्छे कानून वे हैं जो लोगों को लोकतांत्रिक सुधार करने की ताकत देते हैं।<br>(vi) राजनीति कार्यकत्ताओं को अच्छा काम करने के लए बढ़ावा देने वाले या लाभ पहुंचाने वाले कानूनों के सफल होने के संभावना अधिक होती है।<br>(vii) लोकतांत्रिक सुधार तो मुख्यतः राजनीतिक दल ही करते हैं। इसलिए राजनीति सुधारों का जोर मुख्यतः लोकतांत्रिक कामकाज को अधिक मजबूत बनाने का होना चाहिए।<br>(viii) कोई अन्य संबंद्ध बिंदु।<br>(किन्हीं पांच बिंदुओं का विश्लेषण अपेक्षित।)<br>लोक0 108 | |
| 27 | **वैश्वीकरण के सकरात्मक प्रभाव :**<br>(i) वैश्वीकरण और उत्पादकों–स्थानीय एवं विदेशी दोनों के बीच वृहतर | |

| | | |
|---|---|---|
| | प्रतिस्पर्धा से उपभोक्ताओं विशेषकर शहरी क्षेत्र में धनी वर्ग के उपभोक्ताओं को लाभ हुआ।<br>(ii) उनके समक्ष पहले से अधिक विकल्प हैं और वे अब अनेक उत्पादों की उत्कृष्ट गुणवत्ता और कम कीमत से लाभान्वित हो रहे हैं।<br>(iii) ये लोग पहले की तुलना में आज अपेक्षाकृत उच्चतर जीवन स्तर का आनंद ले रहे हैं।<br>(iv) स्थानीय कंपनियां कच्चे माल की आपूर्ति से समृद्ध हो हुई हैं।<br>(v) शीर्ष भारतीय कंपनियां बढ़ी हुई प्रतिस्पर्धा से लाभान्वित हुई हैं।<br>(vi) कुछ भारतीय कंपनियों ने विदेशी कंपनियों के साथ सफलतापूर्वक सहयोग कर लाभ अर्जित किया।<br>(vii) विगत बीस वर्षो में बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने भारत में अपने निवेश में वृद्धि की है। विशेषतः सेलफोन, मोटर गाड़ियां, इलेक्ट्रानिक उत्पाद, ठड़े पेय पदार्थ आदि ।<br>(viii) वैश्वीकरण ने कुछ बड़ी भारतीय कंपनियों को बहुराष्ट्रीय कंपनी के रूप में उभरने के योग्य बनाया।<br>उदाहरण – टाटा मोटर्स, इंफोसिस, रैनबैक्सी एशियन पेंट्स आदि।<br>(ix) कोई अन्य संबंद्ध बिंदु<br>(किन्हीं तीन बिंदुओं का विश्लेषण अपेक्षित।)<br>अर्थ 66,67 | 5x1=5 |
| 28 | **उदारीकरण का अर्थ –**<br>सरकार द्वारा अवरोधों अथवा प्रतिबंधों को हटाने की प्रक्रिया, उदारीकरण के नाम से जानी जाती है ।<br><br>**उदारीकरण के प्रभाव :**<br><br>(i) प्रतिस्पर्धा से देश में उत्पादकों के प्रदर्शन में सुधार।<br>(ii) विदेशी व्यापार एवं विदेशी निवेश पर से अवरोधों को काफी हद तक हटा दिया गया।<br>(iii) विदेशी कंपनियां यहां अपने कार्यालय एवं कारखाने खोलने लगी ताकि उत्पादन में वृद्धि हो सके।<br>(iv) व्यापार के उदारीकरण से व्यावसायियों को मुक्त रूप से निर्णय लेने की अनुमति मिली।<br>(v) प्रतिस्पर्धा से देश में उत्पदकों के प्रदर्शन में सुधार।<br>(vi) कोई अन्य संबंद्ध बिंदु।<br>(किन्हीं चार बिंदुओं का विश्लेषण अपेक्षित।<br>अर्थ 64 | 1+**4**=5 |

| | | |
|---|---|---|
| 29 | भरे हुए संलग्न मानचित्र को देखिए।<br><br>केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए<br><br>29.1 अमृतसर<br>29.2 बिहार<br>29.3 दांड़ी | 3x1=3 |
| 30 | भरे हुए संलग्न मानचित्र को देखिए –<br>केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए<br>30.1 उत्तर प्रदेश<br>30.2 तमिलनाडू<br>30.3 छत्तीसगढ़ | 3x1=3 |


QB365 QUESTION BANK 365 TM

न सं. 29 के लिए

For question no. 29

भारत का रेखा-मानचित्र (राजनीतिक)

**Outline Map of India (Political)**




QB365-Question Bank Software

न सं. 30 के लिए

For question no. 30

## भारत का रेखा-मानचित्र (राजनीतिक)

## Outline Map of India (Political)




QB365-Question Bank Software